प्रेस–विज्ञप्ति

राजस्व विभाग,उ0प्र0

लेखपाल भर्ती परीक्षा–2015

जनपद का नाम :– मुरादाबाद

विज्ञापन संख्या – 445 /भूलेख/2015–2016

परीक्षा का नाम लेखपाल राजस्व

दिनांक 16 जून 2015

आवेदन पत्र स्वीकार(SUBMIT) किये जाने की अन्तिम तिथि––22 जुलाई 2015

परीक्षा शुल्क बैंक में जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई 2015

प्रतियोगितात्मक परीक्षा द्वारा लेखपाल के पद पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से निर्धारित प्रारूप पर आन लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। लिखित परीक्षा दिनांक 30 अगस्त 2015 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।परीक्षा के समय तथा स्थल का उल्लेख प्रवेश पत्र पर उल्लिखित रहेगा जिसे अभ्यर्थियों द्वारा आन लाईन प्राप्त किया जा सकता है।

रिक्तियों का विवरण

क्रमांक	पदनाम	दिनांक 01.07.2015 को आयु	वेतनमान	कुल रिक्त पदों की संख्या	अनारक्षित (सामान्य जाति)	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अन्य पिछड़ी जाति	पद हेतु शैक्षिक योग्यता	पद हेतु अधिमानी अर्हता
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	लेखपाल	न्युनतम 18–वर्ष अधिकतम 40–वर्ष	रू0. 5200–20200 (ग्रेड पे –2000)	143	68	37	2	36	माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 की इण्टरमीडियट परीक्षा या सरकार द्वारा इसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य परीक्षा में उत्तीर्ण	1–प्रादेशिक सेना में न्युनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हो या 2–रास्ट्रीय कैडेट कोर का "बी" प्रमाणपत्र प्राप्त किया हो।

1– लेखपाल पदों की भर्ती उ0प्र0 लेखपाल सेवा नियमावली–2006 यथा संशोधित 2014 एंव समय–समय पर जारी किये गये शासनादेशो एंव परिषदादेश के अनुसार लिखित वस्तुनिष्ठ परीक्षा 80 अंक की तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा।

2– दिनांक 01–07–2015 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयू 18–वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है साथ ही उक्त दिनांक को अभ्यर्थी की आयू 40 वर्ष से अधिक न हो। रिक्त पदों की संख्या को बढाया या कम किया जा सकता है। अनुसूचित जाति व अनिसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग के लिए आरक्षण विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार दिया जायेगा। इसी प्रकार क्षैतिज आरक्षण के अंर्तगत आने वाली श्रेणियों यथा उ0प्र0 के स्वतंत्रता संगाम सैनानियों के आश्रित ,उ0प्र0 के भूतपूर्व सैनिकों ,उ0प्र0 समाज के विकलांगों तथा उ0प्र0 की महिला अभ्यर्थियों को भी विद्यमान शासकीय नियमों के अनुसार रिक्तियां बनने पर आरक्षण अनुमन्य होगा।

3– आन लाईन फार्म दिनांक 22–6–2015 से दिनांक 22–7–2015 तक जमा किये जा सकेंगे।सामान्य और पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों से रू0.300–00 (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) तथा उ0प्र0 के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियो को रू0.150–00 (+बैंक प्रभार अतिरिक्त) का आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जिलाधिकारी के पक्ष में देय होगा जिसका उल्लेख आंन लाईन आवेदन प्रपत्र पर किया जायेगा।

4– प्रदेश के सभी जनपदों में परिषद द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी। आवंटित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थी को परीक्षा देनी होगी। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा तथा इस संबंध में कोई भी प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं होगा।

5– परीक्षा वस्तुनिष्ठ 80 अंक तथा साक्षात्कार 20 अंक का होगा, परीक्षा संबंधी जानकारी के संबंध में तिथि समय और परीक्षा एंव साक्षात्कार के आयोजन स्थल उम्मीददारों को ई–प्रवेश पत्र के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जायेगा, जो कि परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेवसाइट moradabad.nic.in पर उपलब्ध होगा।

6– आन लाईन आवेदन का प्रारूप, आफ लाईन परीक्षा संबंधी निर्देश अन्य सामान्य निर्देश एंव परीक्षा संबंधी अन्य प्रसंगिक जानकारी व सम्पूर्ण विवरण दिनांक 22–06–2015 से परिषद की वेवसाइट http://bor.up.nic.in और जिले की वेवसाइट moradabad.nic.in पर उपलब्ध हो जायेगा।

(दीपक अग्रवाल)

जिलाधिकारी/अध्यक्ष चयन समिति

मुरादाबाद